जल प्रदाय में बरती लापरवाही तो होंगे निलंबित

नवभारत न्यूज
ग्वालियर 27 मई। गर्मी के मौसम में आमजनों को पर्याप्त मात्रा में पानी मिलता रहे, साथ ही पानी का जरा भी अपव्यय ना हो इसके लिए सभी उपयंत्री फील्ड में रहना सुनिश्चित करें। अगर कहीं भी लापरवाही पाई गई तो उपयंत्री को तत्काल निलंबित किया जाएगा। यह निर्देश नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय ने पानी सप्लाई में हो रही अव्यवस्थाओं को लेकर दिए हैं।

नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय ने पानी के अपव्यय को लेकर सख्त निर्देश दिए हैं। निगमायुक्त ने कहा कि है कि सभी उपयंत्री फील्ड में रहें, साथ ही जिन स्थानों पर लीकेज है, उन्हें 24 घंटे में ठीक कराएं। निगमायुक्त ने सख्त निर्देश दिए हैं कि पानी सप्लाई में लापरवाही की शिकायत मिलने पर तत्काल उपयंत्री के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। साथ ही जहां पर पानी की मोटरें खराब हैं, उन्हें जल्द से जल्द ठीक किया जाए, एक से अधिक जहां पर कनेक्शन है उन्हें काटा जाए, एक व्यक्ति के पास एक ही नल कनेक्शन रहे। किसी भी क्षेत्र में एक से अधिक पानी की लाइन नहीं जाए, नई लाइन जहां डाली गई है उसी से पानी की सप्लाई की जाए। जो लोग पानी का अपव्यय कर रहे हैं उन पर सख्त कार्रवाई की जाए। सभी क्षेत्रों में पानी की टंकी से सप्लाई सुनिश्चित की जाए। जिन स्थानों पर पानी की लाइन नहीं है, और जहां सप्लाई में समस्या आती है वहां आवश्यकतानुसार टैंकर से जल सप्लाई की जाए।

जागृति नगर और नयापुरा में 7 महीने पुरानी पानी की समस्या दूर, बिछाई गई 120 मीटर नई पाइपलाइन

शहर के वार्ड क्रमांक 37 के अंतर्गत आने वाले जागृति नगर और नयापुरा क्षेत्र के नागरिकों की पिछले 7 महीनों से चली आ रही गंभीर जलप्रदाय समस्या का नगर निगम द्वारा स्थायी निराकरण कर दिया गया है। इस कार्रवाई के बाद अब क्षेत्रीय जनता को पर्याप्त और शुद्ध पेयजल मिलना शुरू हो गया है। अधीक्षण यंत्री एसएल बाथम ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय के निर्देशानुसार वार्ड कमांक 37 के अन्तर्गत जाग्रति नगर एवं नयापुरा क्षेत्र विगत 07 माह से जल प्रदाय की समस्या बनी हुई थी। समस्या के समाधान संबंधित क्षेत्र के कार्यपालन यंत्री प्रवीण दीक्षित एवं सहायक यंत्री तथा क्षेत्रीय उपयंत्री के साथ जाकर समीक्षा की गई तथा पेयजल समस्या के स्थायी निराकरण हेतु कार्य कराये गए। जिसमें उक्त क्षेत्र में अनाज मंडी के पास 6 इन्ची की पेयजल लाइन में पत्थर भरे होने के कारण लाइन चौक पायी गई जिसके संबंध में उक्त लाइन को तत्काल बदलने के निर्देश दिए जाकर 120 मीटर नवीन पाइप लाइन बिछाई जाने का कार्य कराया गया। साथ ही उक्त क्षेत्र में 4 इंची की पेयजल लाइन भी चौक होना पाई गई। जिसकी सफाई हेतु जगह-जगह गड्डे लगाए जाकर सफाई का कार्य पूर्ण कराया गया। इसके साथ ही ए.बी. रोड की जल प्रदाय व्यवस्था हेतु रात्रि 3 बजे गल्ला मंडी के सामने से बिछी लाइन से राइडर कनेक्शन का कार्य किया गया। कार्यवाही संबंधित क्षेत्र के कार्यपालन यंत्री प्रवीण दीक्षित, सहायक यंत्री अवनीश गुप्ता एवं उपयंत्री कपिल कुशवाह के भरपूर प्रयास से किये जाने पर क्षेत्र में पेयजल की समस्या का स्थायी समाधान हो सका।

सचिन तेंदुलकर मार्ग पर बारिश से पहले डामरीकरण

ग्वालियर 27 मई। नगर निगम एवं स्मार्ट सिटी द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों का नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गोले के मंदिर स्थित कटारे फार्म हाउस पर बन रहे कन्वेंशन सेंटर, सचिन तेंदुलकर मार्ग, सिरोल स्थित प्रधानमंत्री आवास योजना एवं नगर निगम संग्रहालय को देखा। इस दौरान उन्होंने निर्देश दिए हैं कि सचिन तेंदुलकर मार्ग पर बारिश से पहले एक तरफ डामर की परत बिछा दें, जिससे आवागमन में बाधा नहीं हो। इसके साथ ही कन्वेंशन सेंटर का कार्य हर हाल में 31 जून तक पूर्ण कर लें अन्यथा संबंधित एजेंसी के खिलाफ पेनल्टी लगाई जाए। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन यंत्री पवन सिंघल, सिटी प्लानर महेंद्र अग्रवाल, सहायक यंत्री अमित गुप्ता, सहायक अनिल चौहान, सुबोध खरे, रामबाबू दिनकर, अभिषेक प्रसाद आदि मौजूद थे। निगमायुक्त संघ प्रिय ने सबसे पहले कन्वेंशन सेंटर का निरीक्षण किया ।

व्यक्तित्व विकास के साथ नाट्य कार्यशाला होगी

नवभारत न्यूज
ग्वालियर 27 मई । कला एवं भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों के संवर्धन हेतु निरंतर कार्यरत अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती एवं वंदेमातरम सांस्कृतिक एवं समाज सेवी संस्था वंदेमातरम समूह द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी व्यक्तित्व विकास शिविर एवं नाटय कार्यशाला का प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 30 मई से 18 जून तक आयोजित किया जाएगा।

उक्त जानकारी शिविर आयोजक चन्द्रप्रताप सिंह सिकरवार, प्रदीप दीक्षित ने पत्रकारों को देते हुये बताया कि यह 20 दिवसीय व्यक्तित्व विकास शिविर एवं नाटय कार्यशाला निशुल्क रहेगी। इस नाटय कार्यशाला के प्रशिक्षित बच्चे 1857 की महानायिका वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई के जीवन चरित्र पर आधारित महानाटय में लगभग 250 बच्चे भाग लेंगे। महानाटय लाइट एवं साउंण्ड पर आधारित होगा। इसी के साथ नाटय कार्यशाला में उच्च तकनीक का प्रयोग भी होगा , साथ ही अंग्रेजों के साथ वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई का जीवंत युद्ध कौशल दिखाया जायेगा। इस बार महानाटय में लगभग 121 से अधिक कलाकार अपने नृत्य का प्रदर्शन भी करेंगे।

इस शिविर का आयोजन सरस्वती विद्या मंदिर गोरखी महाराज बाडा पर सायं 5 बजे से साढे सात बजे तक होगा। साथ ही सीपी कालोनी मुरार, मिलेनियम प्लाजा के पीछे गोविंद पुरी, गणेश पार्क के पास हरीशंकरपुरम पर भी बच्चों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। वहीं फार्म सरस्वती विद्या मंदिर गोरखी महाराज बाडा से प्रात: नौ बजे से 11 बजे तक प्राप्त किये जा सकेंगे। व्यक्तित्व विकास शिविर में एवं नाटय कार्यशाला में उच्च तकनीक का प्रयोग किया जाएगा जिसमें दृश्य एवं श्रव्य तकनीक का समावेश होगा। शिविर में मुख्य रूप से नाटक , योगा, एरोबिक्स, घुडसवारी, पेंटिंग, रंगोली , नृत्य फोटोग्राफी आदि विषयों पर राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त प्रशिक्षिकों द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा।

पत्रकार वार्ता में संस्कार भारती के अध्यक्ष डा संजय धवले, प्रदीप दीक्षित, वंदे मातरम समूह से संरक्षक यशपाल सिंह तोमर, अध्यक्ष चन्द्रप्रताप सिंह सिकरवार, संस्कार भारती के मीडिया प्रभारी कुलदीप पाठक, उत्तम पाठक , सचिन चन्द्र गुप्ता आदि मौजूद रहे।

स्वच्छता एवं जल संरक्षण पर कार्यक्रम आज

नवभारत न्यूज
ग्वालियर 27 मई। समाज में स्वच्छता एवं जल संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आज 28 मई को प्रात: 8:30 बजे से एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज़ ईश्वरीय विश्व विद्यालय के माधौगंज स्थित प्रभु उपहार भवन में आयोजित होगा। कार्यक्रम के संबंध में जानकारी देते हुए बीके प्रहलाद भाई ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नागरिकों एवं युवाओं में स्वच्छता के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना तथा जल संरक्षण के महत्व को समझाते हुए जल बचाने हेतु प्रेरित करना है। वर्तमान समय में बढ़ते जल संकट एवं पर्यावरणीय चुनौतियों को देखते हुए यह कार्यक्रम समाज के लिए अत्यंत उपयोगी एवं प्रेरणादायक रहेगा। कार्यक्रम में स्वच्छता अभियान, जल संरक्षण संबंधी प्रेरणादायक विचार, सामाजिक जागरूकता संदेश एवं पर्यावरण संरक्षण विषय पर विशेष मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। साथ ही उपस्थित जनसमुदाय को दैनिक जीवन में जल की बचत एवं स्वच्छता अपनाने के व्यावहारिक उपायों की जानकारी भी दी जाएगी।

व्हाईट हाउस के प्रत्याशियों का ऐलान : पारस ,दीपक और मनोज को टिकट

अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल का टिकट कटा

नवभारत न्यूज
ग्वालियर 27 मई । मध्यप्रदेश चेंबर आफ कामर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज के चुनाव के लिये क्रियेटिव हाउस टिकट बांटने को लेकर जहां माथापच्ची कर रहा है वहीं आज बुधवार रात अचानक व्हाईट हाउस ने अपने तीन प्रत्याशियों का ऐलान कर दिया। व्हाईट हाउस ने अध्यक्ष पद पर वर्तमान अध्यक्ष डा. प्रवीण अग्रवाल का टिकट काटते हुये

सराफा व्यवसायी पारस जैन को मैदान में उतारा है। जबकि कोषाध्यक्ष पद के लिये मनोज अग्रवाल बाबा और सचिव पद के लिये पुन: दीपक अग्रवाल को अपना उम्मीदवार बनाया है। अचानक

बिना चुनाव तारीखों के ऐलान के बाद भी व्हाईट हाउस द्वारा उम्मीदवार घोषित किये जाने से व्यापारी वर्ग और क्रियेटिव हाउस अचंभित है। वहीं वर्तमान अध्यक्ष डा. प्रवीण अग्रवाल का टिकट कटने से उनके समर्थक मायूस है। प्रवीण जहां सिंधिया खेमे से जुड़े हैं वहीं पारस को विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह का नजदीकी माना जाता है।

व्हाईट हाउस की बैठक में हाउस के संयोजक जीएल भोजवानी, वीके गंगवाल, अरविंद अग्रवाल, प्रवीण अग्रवाल, पीताम्बर लोकवानी, हरिबाबु अग्रवाल, वसंत अग्रवाल, सुनील अग्रवाल सनी, प्रकाश रोहिरा सहित सभी बाजारो के प्रतिनिधि सदस्य उपस्थित थे, अभी बाकी 3 पोस्ट हेतु चयन प्रकिया आगामी बैठक में तय होगी।

गोपीलाल भारतीय भी राज्यसभा की स्पर्धा में

नवभारत न्यूज
ग्वालियर 27 मई । जिले के कांग्रेस नेताओं ने एक बयान जारी कर कहा है कि मध्य प्रदेश की रिक्त होने वाली तीन राज्यसभा की सीटों के चुनाव में कांग्रेस के हिस्से में आने वाली एक सीट के लिये पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह को ही पुन: राज्यसभा में भेजा जाना चाहिये ।अगर उन्हें नहीं भेजा जा रहा है, तो दलितों की राष्ट्रीय नेत्री लोकसभा की पूर्व अध्यक्ष और बाबू जगजीवनराम की सुपत्री मीरा कुमार को या अनुसूचित जाति के वरिष्ठ गाँधीवादी कार्यकर्ता गोपीलाल भारतीय को

राज्यसभा का उम्मीदवार बनाया जाए। गोपीलाल भारतीय ग्वालियर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एवं कांग्रेस के प्रदेश सचिव रह चुके हैं।गोपीलाल भारतीय ने अपना बायोडाटा भी कांग्रेस हाई कमान को प्रेषित किया है।

बरसात से पहले नालों की सफाई में तेजी लाने के निर्देश

अपर आयुक्त ने किया औचक निरीक्षण

नवभारत न्यूज
ग्वालियर, 27 मई। शहर में आगामी मानसून को ध्यान में रखते हुए नगर निगम द्वारा नालों की सफाई का विशेष अभियान युद्ध स्तर पर चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले विभिन्न मुख्य नालों की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण अपर आयुक्त मुनीष सिकरवार ने किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्य की धीमी गति पर नाराजगी जताते हुए संबंधित अधिकारियों को समय सीमा के भीतर सभी नालों को पूरी तरह साफ करने के कड़े निर्देश दिए हैं।

अपर आयुक्त मुनीष सिकरवार ने दक्षिण विधानसभा नाला सफाई कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वार्ड क्रमांक 54 में एसएएफ नाला सफाई कार्य को देखा तथा संबंधित अधिकारियों को नाला सफाई कार्य में गति लाने के निर्देश दिए। जिससे समय पर नाले की

सफाई हो सके। इसके साथ ही वार्ड क्रमांक 55 वकील कॉलोनी अवॉर्ड पुरा में नाले को मैन्युअल साफ किये जा रहे कार्य को देखा। साथ ही वार्ड क्रमांक 37 में लक्ष्मीगंज शमशान के मोड़ से लेकर आराधना गार्डन तक मैन्युअल नाला गैंग द्वारा नाला सफाई, वार्ड क्रमांक 52, 13 बटालियन स्थित नाले को पोकलेन मशीन द्वारा सफाई कार्य एवं वार्ड क्रमांक 51 सैनिक कॉलोनी सिकंदर कंपू में स्थित नाले को मशीन द्वारा साफ किया जा रहा था। उक्त सभी नालों की सफाई बरसात से पहले करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी भीष्म कुमार पमनानी आदि उपस्थित रहे।

आंगनवाड़ी की दीदियों ने बदल दी साहिल की दुनिया

ग्वालियर 27 मई। नन्हे-मुन्ने डेढ़ वर्षीय बच्चे साहिल का मानसिक व शारीरिक विकास सामान्य बच्चों की तरह नहीं हो रहा था। उसकी सुस्ती, चिड़चिड़ापन और मोबाइल स्क्रीन की लत से साहिल की मां सदैव चिंतित रहती थी। सरकार द्वारा चलाए गए पोषण पखवाड़ा के दौरान आंगनबाड़ी की दीदियों की सक्रिय पहल और मां की लगन ने मिलकर इस नन्हे-मुन्ने बच्चे की जिंदगी में अदभुत बदलाव ला दिया है। यह सच्ची कहानी है शहर के नाका चंद्रबदनी क्षेत्र में स्थित रानीपुरा बस्ती में निवासरत नगीना के बेटे साहिल की। सरकार की पहल पर बीते माह 9 से 23 अप्रैल तक के बीच 'जीवन के पहले छह वर्षों में मस्तिष्क के विकास को अधिकतम करना' थीम पर पोषण पखवाड़ा आयोजित किया गया। इसी दौरान ग्वालियर शहर के अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र रानीपुरा क्रमांक 02 की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कुशुमलता साहू और पर्यवेक्षक आरती मिश्रा ने नगीना के यहाँ गृह भ्रमण किया।

वैश्य महासभा करेगी युवक युवती परिचय सम्मेलन

नवभारत न्यूज
ग्वालियर 27 मई। अखिल भारतीय माहौर ग्वार्रे वैश्य महासभा द्वारा एक अनूठी पहल मिनी परिचय सम्मेलन की शुरुआत की गई है। इस पहल से समाज में अविवाहित युवक और युवतियों की जो संख्या लगातार बढ़ रही है, उसमें कमी आएगी। इस नई पहल की शुरुआत संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रकाश चंद्र मंडिल द्वारा की गई है। उन्होंने बताया कि यह नई पहल अब हर महीने आयोजित की जाएगी, जिससे माहौर ग्वार्रे वैश्य महासभा समाज में अविवाहित युवाओं की बढ़ रही संख्या को रोकने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि वे समाज में ऐसी ही और भी नई पहल लेकर आएंगे, जिससे माहौर ग्वार्रे वैश्य महासभा समाज का नाम और अधिक रोशन होगा। इस पहले मिनी परिचय सम्मेलन 2026 की शुरुआत मुरार नगर के मदन मोहन मंदिर (घास मंडी, मुरार) में शाम 4:30 बजे से 7 बजे तक की गई। इसके बाद सभी युवक और युवतियों ने इस सम्मेलन में अपना-अपना परिचय दिया और संस्था की इस नई पहल की जमकर तारीफ की।

इस प्रथम परिचय सम्मेलन में करीब आधा सैंकड़ा प्रतिभागियों ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया। इस मिनी परिचय सम्मेलन में करीब 40 प्रतिभागी या उनके अविभावक शामिल हुए। सभी समाज बंधुओं ने इस नयी पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह समाज के लिए बहुत लाभकारी साबित होगी। यदि यह परिचय सम्मेलन हर महीने आयोजित किया जाएगा, तो समाज में अविवाहित युवाओं की संख्या निश्चित रूप से कम हो जाएगी।

कार्यक्रम में शामिल मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रकाश चंद्र मांडिल, राष्ट्रीय महामन्त्री सुरेश चंद्र गुप्ता, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष राजेश गोयल, प्रेमकुमार गांगिल, राधे श्याम गुप्ता, सुरेंद्र बंदिल, शिवनारायण मांडिल, जय नारायण गंगिल, शिवनारायण बंसल, राजेन्द्र गुप्ता, सतीश गुप्ता, बिष्णु गांगिल, राजेश गुप्ता, घनश्याम गुप्ता, राजेश गुप्ता, प्रदीप गांगिल, सुशील गांगिल, अंजुला बंसल, मीना गुप्ता, रचना गुप्ता, पूनम गुप्ता, हर्ष गुप्ता, पंकज गोयल आदि लोग शामिल हुए।

जीडीए उपाध्यक्ष ने विभिन्न योजनायें देखी, समस्याओं का होगा निराकरण

नवभारत न्यूज
ग्वालियर 27 मई। ग्वालियर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष सुधीर गुप्ता ने अपना पदभार सम्हालने के बाद प्राधिकरण के हितग्राहियों से जुड़ी समस्याओं के निराकरण को ध्यान देना शुरू किया है। आज उन्होंने इसी क्रम में मामा माणिकचंद वाजपेयी नगर पत्रकार कालोनी, ट्रांसपोर्ट नगर, शताब्दीपुरम फेस 4 और टीडीएस फेज 4 का निरीक्षण किया और वहां समस्याओं के निराकरण व प्राधिकरण से जुड़े हितग्राहियों की सुविधा के

लिये समुचित निर्देश भी दिये।

प्राधिकरण उपाध्यक्ष सुधीर गुप्ता ने बुधवार को मामा माणिकचंद वाजपेयी पत्रकार कालोनी में समुचित विद्युत व्यवस्था, पार्क के विकास व सीवर लाइन के लिये निगम अपर आयुक्त प्रतीक राव, उपायुक्त मुकेश बंसल व क्षेत्राधिकारी से बात की। उन्होंने कहा कि जीडीए हेंडओव्हर कर 86 लाख रूपये दे चुका है तो विकास कार्यों में इतनी देरी क्यों? प्राधिकरण उपाध्यक्ष गुप्ता ने पत्रकार कालोनी के हितग्राहियों के बकाया लीज रेंट मुददे को माफ कराने के लिये शीघ्र ही मुख्यमंत्री ये बात करने का भरोसा दिया। इस मौके पर पत्रकार कालोनी में वरिष्ठ पत्रकार चंद्रवेश पाण्डे, विनय अग्रवाल, सुरेन्द्र माथुर, जोगेन्द्र सेन, बलराम सोनी, राजेन्द्र तलेगांवकर, सर्वेश पुरोहित आदि ने उपाध्यक्ष सुधीर गुप्ता को एक ज्ञापन भी सौंपा।

इसी क्रम में प्राधिकरण उपाध्यक्ष सुधीर गुप्ता ने ट्रांसपोर्ट नगर, शताब्दीपुरम फेज 4 और टीडीएस फेज 4 कालोनी में विभिन्न मुददों को देखा, सुना और समझकर विस्तृत निराकरण की शीघ्र पहल करने की बात की। उन्होंने शताब्दीपुरम से अटल द्वार तक प्राधिकरण के विभिन्न प्रस्तावित प्वाइंट भी देखें। उन्होंने कहा कि वह टीडीएस फेज 4 में रेरा की लंबित परमीशन का निराकरण कराने की पहल करेंगे, ताकि ग्वालियर में आम हितग्राही को बेहतर प्लाट उपलब्ध हो सकें। ट्रांसपोर्ट नगर में यूनियन अध्यक्ष राजकुमार माहेश्वरी, सचिव जगजीत सिंह राणा व रईस खान ने उपाध्यक्ष गुप्ता का स्वागत किया। इस मौके पर प्राधिकरण के संपदा अधिकारी देवेन्द्र गुप्ता, अभियंता सुनील शुक्ला, आलोक नायक, प्रदीप जैन, दीपक भारद्वाज, अनिल बंसल, मुकेश माथुर आदि भी उपस्थित थे।



प्रथम पृष्ठ के शेष...

आरोपी समर्थ को लेकर घर पहुंची सीबीआई

कोर्ट में दोनों पक्षों के अधिवक्तओं के बीच तीखी बहस भी हुई. कोर्ट ने दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया है. सीबीआई को कोर्ट ने इस मामले में पक्षकार बनाया है. हाईकोर्ट में ट्विशा के पिता नवनिधि शर्मा की ओर से अधिवक्ता सिद्धार्थ लूथरा पैरवी कर रहे हैं. नवनिधि शर्मा ने ही मामले में अग्रिम जमानत पर आपत्ति दर्ज कराई थी. नवनिधि शर्मा ने बेटी ट्विशा की मौत का आरोप ससुराल पक्ष पर लगाया है. ट्विशा शर्मा की 12 मई को संदिग्ध परिस्थितयों में मौत हो गई थी. पूर्व जज गिरिबाला सिंह और उनके बेटे समर्थ ने इस आत्महत्या बताया. इस पूरे मामले में भोपाल पुलिस पहले दिन से ही सक्रिय होकर जांच में जुटी. सीएम मोहन यादव के निर्देश के बाद मामले की जांच सीबीआई को सौंपी गई है. सीबीआई की टीम मामले में कार्रवाई कर रही है.

टीएमसी नेता के ठिकाने से चार बैग और एक बोरा नोट बरामद

फिलहाल पुलिस नकदी की गिनती और जांच में जुटी है. इससे पहले भी पुलिस ने दीपांकर के ठिकानों पर छापेमारी कर करीब 80 लाख रुपये नकद और 4000 सरकारी तिरपाल जब्त किए थे. आरोप है कि ये तिरपाल प्राकृतिक आपदा प्रभावित लोगों के लिए भेजे गए थे. वहीं दुर्गापुर-फरीदपुर क्षेत्र में भी पुलिस ने टीएमसी के मजदूर यूनियन नेता शेख वसुल को गिरफ्तार किया है. उस पर बेरोजगार युवाओं से नौकरी दिलाने के नाम पर वसूली और चुनाव के दौरान दबाव बनाने जैसे गंभीर आरोप हैं. लगातार हो रही इन कार्रवाइयों से राज्य की राजनीति में हलचल तेज हो गई है.

असम बना यूसीसी लागू करने वाला तीसरा राज्य

उन्होंने इस विधेयक का समर्थन करने के लिए एनडीए के सभी विधायकों का आभार भी जताया. असम अब उत्तराखंड और गुजरात के बाद समान नागरिक संहिता लागू करने वाला देश का तीसरा राज्य बन गया है. सरकार का कहना है कि यह कानून समाज में समानता, महिलाओं को न्याय और परिवार व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा. मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि असम ऐसे सुधारों के साथ आगे बढ़ता रहेगा जो समाज को मजबूत करें, महिलाओं को न्याय दिलाएं और विभिन्न समुदायों के बीच आपसी एकता को बढ़ावा दें. उन्होंने कहा कि यूसीसी लागू कर राज्य ने संविधान निर्माताओं की उस भावना को आगे बढ़ाया है, जिसमें सभी नागरिकों के लिए समान कानून की परिकल्पना की गई थी. विधानसभा में यह विधेयक सोमवार को संसदीय कार्य मंत्री अतुल बोरा द्वारा पेश किया गया था. सत्ता पक्ष के नेताओं ने इसे सभी वर्गों के लिए लाभकारी बताते हुए समर्थन किया, जबकि विपक्षी दलों ने इसका विरोध किया. कांग्रेस विधायक दल के नेता वाजेद अली चौधरी ने कहा कि जिन मुद्दों को यूसीसी के तहत शामिल किया गया है, वे पहले से अलग-अलग कानूनों द्वारा नियंत्रित हैं. उन्होंने सवाल उठाया कि जब बाल विवाह, बहुविवाह, विवाह पंजीकरण, तलाक और गुजारा भत्ता जैसे मामलों के लिए कानून पहले से मौजूद हैं, तो नए कानून की आवश्यकता क्यों पड़ी. विपक्ष के विरोध के बावजूद सरकार ने विधेयक को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि इससे राज्य में समान नागरिक अधिकारों को मजबूती मिलेगी और सामाजिक न्याय को बढ़ावा मिलेगा.

जेयू में संबद्धता प्रक्रिया पर सवाल

कार्यपरिषद सदस्य ने कुलगुरु को लिखा पत्र, निरीक्षण रिपोर्ट और सीसीटीवी व्यवस्था के मुद्दे उठाए

नवभारत न्यूज
ग्वालियर 27 मई। जीवाजी विश्वविद्यालय की संबद्धता प्रक्रिया, निरीक्षण व्यवस्था और विश्वविद्यालय परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की स्थिति को लेकर कार्यपरिषद सदस्य प्रदीप शर्मा ने कुलगुरु एवं अध्यक्ष कार्यपरिषद को पत्र लिखकर अविलंब विशेष कार्यपरिषद बैठक बुलाने की मांग की है। पत्र में कहा गया है कि विश्वविद्यालय क्षेत्रांतर्गत संचालित सामान्य पाठ्यक्रमों के शासकीय, अशासकीय एवं अनुदानित महाविद्यालयों की संबद्धता प्रक्रिया में कई विसंगतियां सामने आई हैं। स्थायी समिति द्वारा जारी मिनिट्स और पूर्व में जारी एजेंडों में अंतर होने से भ्रम की स्थिति निर्मित हो रही है। उन्होंने कहा कि इन विषयों पर विचार एवं निर्णय के लिए कार्यपरिषद की बैठक आवश्यक है।

प्रदीप शर्मा ने बताया कि 28 अप्रैल को आयोजित पिछली कार्यपरिषद बैठक में एक माह के भीतर अगली बैठक बुलाने का निर्णय लिया गया था, लेकिन अब तक न तो कोई रिपोर्ट प्रस्तुत की गई और न ही बैठक आयोजित हुई। जबकि संबद्धता प्रक्रिया समय-सीमा के अंतर्गत पूरी की जानी होती है।